M.A. (PART-I)
- HINDI -
MODERN PROSE
(PAPER – I) (JAN- 2020)

**अवधि- 3 घंटे** **पूर्णांक- 100**

**सूचना-** 1. पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**प्रश्न-**1.निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं चार की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए - 40

क) कविता करना अनंत पुण्य का फल है। इस दुराशा और अनंत उत्कंठा से कृषि-जीवन व्यतीत करने की इच्छा हुई। संसार के समस्त अभावों को असंतोष कहकर हृदय को धोखा देता रहा।

ख) कहा गया है कि स्त्री रहस्यों की गुठली होती है। उसे देवता नहीं समझ पाए तो मनुष्य क्या समझेगा। जो मनुष्य स्त्री को समझ पाया है, समझिए कि वह संसार की सभी विद्याओं में पारंगत हो गया ।

ग) अपने मतलब के लिए सलामी करने जाता हूँ, पाँव में सनीचर नहीं है और न सलामी करने में कोई बड़ा सुख मिलता है। घंटों खड़े रहो, तब जाके मालिक को खबर होती है। कभी बाहर निकलते हैं, कभी कहला देते हैं कि फुर्सत नहीं है।

घ) ले जाइए न हाकिम! रुक काहे गए? अरे हमरा पास रहता तो चोर डाकू ही तो बनता, नहीं तो किसी जमींदार का हरवाह, चरवाह, बनिहार। ओकरा से तो यही नीमन है कि आप ही ले जाएँ, कम से कम कायदे का आदमी तो बन जाएगा।

ङ) वह सब मैंने समझ लिया है। अपने देश का चुनाव तो एक नाटक है। हमारा गँवारों का देश है। सच पूछा जाए तो हम प्रजातंत्र के लायक ही नहीं हैं। यहाँ वोट पाने के कई तरीके हैं।

च) यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ । बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है? दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देख कर इसका मन कितना ललचाया होगा। इतना जब्त इससे हुआ कैसे ?

प्रश्न-2. स्कंद गुप्त के माध्यम से तत्कालीन राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना को किस तरह व्यक्त किया गया है? (10)

प्रश्न-3. 'माधवी' में नारी के शोषण को किस तरह अभिव्यक्ति दी गई है? स्पष्ट कीजिए। (10)

प्रश्न-4. 'गोदान किसान जीवन की यथार्थ अभिव्यक्ति है ।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। (10)

प्रश्न-5. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' में पुलिस व्यवस्था, राजनीति और जंगलराज का यथार्थ किस तरह व्यक्त किया गया है? (10)

प्रश्न-6. 'ईदगाह मानवीय रिश्तों की अमर कथा है।' विवेचन कीजिए। (10)

प्रश्न-7. वैष्णव की फिसलन में व्यक्त व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। (10)



F1E04DE6617C1A3B82ED47983BDD2598

प्रश्न-8.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए - (10)

i) चंद्रगुप्त के पिता का नाम क्या था?

ii) 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है।' यह वाक्य किसने कहा है ?

iii) गालव को गरुड़देव ने गुरु दक्षिणा जुटाने के लिए किसके पास जाने की सलाह दी?

iv) गालव ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में कितने वर्षों तक शिक्षा ग्रहण करता रहा ?

v) होरी ने कितने रुपए में गाय खरीदी थी ?

vi) होरी की बेटियों के नाम लिखिए।

vii) 'जंगल जहां शुरू होता है' में किस समस्या के उन्मूलन का प्रयास किया जाता है ?

viii) लेखक आईने में क्या देख कर परेशान हो गया ?

ix) चीफ की दावत कहानी में शामनाथ अपनी मां को चीफ के सामने क्यों नहीं आने देता?

x) हामिद की दादी ने उसे मेला जाते हुए कितने पैसे दिए थे?

प्रश्न-8. (आ) उचित विकल्प चुन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (10)

क) इनमें से कौन जयशंकर प्रसाद का नाटक नहीं है ?

अ) चन्द्रगुप्त आ) जय पराजय इ) ध्रुवस्वामिनी ई) राज्यश्री

ख) ऋषि विश्वामित्र ने गालव से गुरु दक्षिणा के रूप में कितने अश्वमेधी घोड़े मांगे ?

अ) आठ सौ आ) सात सौ इ) पाँच सौ ई) एक हजार

ग) माधवी नाटक का पात्र तापस गालव को क्या मानता है?

अ) शिष्य आ) गुरु भाई इ) गुरु ई) शत्रु

घ) होरी किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है

अ) जमीदार वर्ग आ) किसान वर्ग इ) बुद्धिजीवी वर्ग ई) इनमें से कोई नहीं

ङ) गोबर की पत्नी का नाम है -

अ) धनिया आ) झुनिया इ) कनिया ई) मनिया

च) चंपारण को डाकू से मुक्त करने का बीड़ा किसने उठाया था ?

अ) मिस्टर पी.के. भंडारी आ) मिस्टर बी. कुमार इ) गृहमंत्री रायबहादुर ई) परशुराम

छ) 'भागो नहीं दुनिया को बदलो' किताब कुमार साहब ने किसे दिया था ?

अ) परेमा आ) काली इ) परशुराम ई) दुबे जी

ज) 'राजनीति का बंटवारा' में भैया जी ने शहीदों की स्मृति में किसका मंदिर बनवाया?

अ) शहीद मंदिर आ) हनुमान मंदिर इ) बलिदान मंदिर ई) अमर मंदिर

झ) हामिद की दादी का क्या नाम था ?

अ) शबाना आ) अमीना इ) सायरा ई) शकीरा

ञ) लहना सिंह किस को दिए वचन का निर्वाह करता है ?

अ) पत्नी आ) फिरंगी मेम इ) सूबेदारनी ई) इनमें से कोई नहीं

---



F1E04DE6617C1A3B82ED47983BDD2598

**M.A. (PART-I)**
**- HINDI -**
**HISTORY OF HINDI LITERATURE**
***(PAPER – III) (JAN- 2020)***

**Code: 93922 / Hindi - Paper III- History of Hindi Literaure.**

**समय ३ घण्टे** **पूर्णांक १००**

**सूचना - १) प्रश्न क्रमांक १ से ७ प्रश्नों में से ५ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**२) प्रश्न क्रमांक ८ अनिवार्य है।**

प्रश्न १. हिन्दी साहित्येइतिहास लेखन की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए उसकी समस्याओं को रेखांकित कीजिए। (१६)
प्रश्न २. रासो काव्य से क्या अभिप्राय है? रासो काव्य की प्रवृत्तियाँ लिखिए। (१६)
प्रश्न ३. संत काव्य की सामान्य विशेषताएँ बताइए। (१६)
प्रश्न ४. राम काव्य की प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए। (१६)
प्रश्न ५. रीतिबद्ध काव्य की विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (१६)
प्रश्न ६. प्रगतिवाद का अर्थ समझाते हुए प्रगतिवादी काव्य की प्रवृत्तियाँ लिखिए। (१६)
प्रश्न ७. आधुनिक हिंदी कहानी का विकास क्रम समझाइए। (१६)

**प्रश्न ८अ. किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए।** (१०)
क. सिद्ध साहित्य
ख. जायसी का पदमावत
ग. नई कविता

**आ. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** (०५)
च. 'ढोला मारू रा दूहा' किस प्रकार का काव्य है?
छ. राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल को क्या नाम दिया?
ज. 'जड़िया' की उपाधि किस भक्त कवि को मिली?
झ. 'कर्मनाशा की हार' किस प्रसिद्ध कथाकार की कहानी है?
ञ. 'रसीदी टिकट' किसकी आत्मकथा है?

**इ. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** (०५)
ट. आदिकाल को वीरगाथा काल की संज्ञा किसने दी है?
क. रामचंद्र शुक्ल ख. मिश्र बंधु
ग. डॉ. नगेंद्र घ. आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
ठ. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास किसने लिखा है?
क. रामकुमार वर्मा ख. गणपतिचंद्र गुप्त
ग. रामस्वरूप चतुर्वेदी घ. श्यामसुंदर दास
ड. मृगावती के रचनाकार का नाम बताइए।
क. कुतुबन ख. जायसी
ग. मंझन घ. दाऊद
ढ. 'नहि पराग नहिं मधुर मधु' किसकी पंक्ति है?
क. देव ख. रहीम
ग. मतिराम घ. बिहारी
ण. 'राजा निरबसिया' एवं 'तलाश' कहानियों के लेखक का नाम बताइए।
क. मोहन राकेश ख. राजेंद्र यादव
ग. कमलेश्वर घ. निर्मल वर्मा

---



8136E2665A82092209B7DBF2A3374C27

# M.A. (PART-I)
## - HINDI -
## OLD AND MEDIEVAL POETRY
### (PAPER – V) (JAN- 2020)

[समय: ३ घंटे] [अंक: १००]

सूचना: १. **पहला** व **आठवां** प्रश्न **अनिवार्य** है |
२. शेष प्रश्नों में से **किन्ही चार** के उत्तर लिखिए

प्र.१ निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए | (४०)

क) लोचन धाए के धाएल, हरि नहि आएल रे |
सिब-सिब जिबओ न जाए, आस अरुझाएल रे ||
मन करि तहाँ उड़ि जाइअ, जहाँ हरि पाइअ रे |
पेम-परसमनि जानि, आनि उर लाइअ रे ||
सपनहु संगम पाओल, रंग बढ़ाओल रे |
से मोर बिहि बिघटाओल, निंदओ हेराएल रे ||

ख) पीछे लागा जाइ था लोक वेद के साथि |
आगे थै सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि ||
सतगुरु हमसूँ रीझि करि एक कह्या परसंग |
बरस्या बादल प्रेम का, भिजी गया सब अंग ||

क) तपै लागि अब जेठ असाढ़ी | तोहि पिउ बिनु छजनि भइ गाढ़ी |
तन तिनउर भा, झूरौं खरी | भई बरखा, दुख आगरि जरी |
बंध नाहि औ कंध न कोई | बात न आव कहौं का रोई ?

घ) काहे को रोकत मारग सूधो ?
सुनहु मधुप ! निर्गुन कंटक ते राजपंथ क्यों रुँधों ?
कै तुम सिखै पठाए कुब्जा, कै कही श्यामधन जू धौं |
वेद पुरान सुमृति सब ढूँढौं जुवतिन जोग कहूँ धो ?
ताको कहा परेखो कीजै जानत छाछ न दूधो |
सूर मूर अक्रूर गए लै ब्याज निबेरत ऊधो |

ड) जो न तरै भवसागर नर समाज अस पाइ |
सो कृत निंदक मंदमति आत्माहन गति जाइ ||

च) नेहु न नैननु कौ कछू उपजी बड़ी बलाई |
नीर-भरे नितप्रति रहै, तऊ न प्यास बुझाइ ||
भरी डरी कि टरी बिथा, कहा खरी, चलि चाहि |
रही कराहि कराहि अति, अब मुँह आहि न आहि ||

प्र.२ विद्यापति प्रेम और सौंदर्य के कवि है, इस कथन को प्रमाणित कीजिए | (१०)

प्र.३ कबीर के काव्य में रहस्यवाद का वर्णन किस प्रकार हुआ है, स्पष्ट कीजिए | (१०)

प्र.४ जायसी के बारहमासा वर्णन का सोदाहरण विवेचन कीजिए | (१०)



8136E2665A82092209B7DBF2A3D93727

प्र.५ सूरदासजी के भ्रमरगीत में श्रृंगार और भक्ति की अनूठी अभिव्यक्ति हुई है, सोदाहरण प्रमाणित कीजिए | (१०)

प्र.६ रामचरित मानस के महाकाव्यत्व की सार्थकता सोदाहरण सिद्ध कीजिए | (१०)

प्र.७ बिहारी ने वियोग श्रृंगार का वर्णन किस तरह किया है ? (१०)

प्र.८ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | (१०)

१) 'कीर्ति पताका' के रचनाकार कौन है ?
२) विद्यापति की काव्यभाषा कौनसी है ?
३) कबीरदासजी के गुरु कौन है ?
४) 'संत ने छाडै संतई' दोहे में संत का अर्थ है ?
५) मगहर का कबीर से किस रूप में संबंध रहा है ?
६) पद्मावत में राजा रत्नसेन को जायसी ने किसका प्रतीक माना है ?
७) 'भ्रमरगीत' में निर्गुण के बदले किस की प्रतिष्ठा की गई है ?
८) 'रामचरित मानस' में कुल कितने कांड है ?
९) तुलसीदासजी कविता का मुख्य प्रयोजन किसे मानते है ?
१०) बिहारी रीतिकाल के किस धारा के कवि है ?

आ) निम्नलिखित के सही विकल्प चुनकर लिखिए | (१०)

१) विद्यापति पदावली के संपादक कौन है ?
क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ख) रामवृक्ष बेनीपुरी
ग) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र घ) माता प्रसाद गुप्त

२) पद्मावत मे जायसी ने हृदय का प्रतीक किसे माना है ?
क) रत्नसेन ख) पद्मावत ग) चितौड़ घ) सिंहल

३) कबीर ने अपनी भक्ति को क्या नाम दिया है ?
क) प्रेमभक्ति ख) भाव भक्ति ग) नवधा भक्ति घ) सगुण भक्ति

४) जायसी के समकालीन शासक कौन थे ?
क) इब्राहिम लोदी ख) शेरशाह सूरी ग) अलाउद्दीन घ) अकबर

५) भ्रमरगीत सार में श्रीकृष्ण किस नगरी से गोपियों को संदेश भेजते है ?
क) अयोध्या ख) गया ग) प्रयाग घ) मथुरा

६) 'कृष्ण गीतावली' के रचनाकार कौन है ?
क) सूरदास ख) तुलसीदास ग) नंददास घ) कुंभनदास

७) तुलसीदासजी ने रामराज्य का वर्णन किस कांड में किया है ?
क) अयोध्या कांड ख) सुंदर कांड ग) लंका कांड घ) उत्तर कांड

८) बिना गोपाल के गोपियों के लिए 'कुंजै' कैसी प्रतीत होती है ?
क) हरी-भरी ख) रहीम ग) रसखान घ) बिहारी

९) गागर में सागर भरने वाले कवि कौन है ?
क) कबीर ख) रहीम ग) रसखान घ) बिहारी

१०) बिहारी के काव्य की विशेषता है |
क) सौन्दर्य चित्रण ख) समाज सुधार ग) उपदेशात्मक घ) प्रेरणात्मकता

****************



8136E2665A82092209B7DBF2A3D93727

M.A. (PART-I)
- HINDI -
FUNCTIONAL HINDI
(PAPER – VII) (JAN- 2020)



समय : तीन घंटे | अंक : १००

सूचना : १) आठवां प्रश्न अनिवार्य है।
२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१) प्रयोजनमूलक हिंदी के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालिए। (१६)

२) राजभाषा हिंदी संबंधी संवैधानिक प्रावधानों के अनुच्छेदों की चर्चा कीजिए। (१६)

३) संचार भाषा और संपर्क भाषा के भेद को विशद कीजिए। (१६)

४) विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के विकास एवं महत्त्व को अंकित कीजिए। (१६)

५) सिनेमा में हिंदी के प्रयोग संबंधी आलेख प्रस्तुत कीजिए। (१६)

६) विज्ञापन की परिभाषा देते हुए उसके जनसंचार माध्यमों में प्रयुक्त स्वरुप को स्पष्ट कीजिए। (१६)

७) अनुवाद की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए उसके क्षेत्रों एवं समस्याओं को विशद कीजिए। (१६)

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **पांच से दस वाक्यों** में लिखिए। (१०)

१) राष्ट्रभाषा
२) प्रयोजनमूलक हिंदी का अर्थ
३) राजभाषा आयोग
४) विज्ञापन और बाजार
५) अनुवादक के गुण

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में दीजिए। (१०)

१) हिंदी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकृत किया गया ?
२) जॉन गिलक्राइस्ट किस कॉलेज में 'हिन्दुस्तानी भाषा के अध्यक्ष' के रूप में नियुक्त थे ?
३) संसदीय राजभाषा समिति के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
४) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के गठन का श्रेय किसे जाता है ?
५) भारत में टेलीफोन की शुरुआत प्रायोगिक तौर पर किस वर्ष की गई थी ?
६) विज्ञापन का प्रमुख लक्ष्य क्या है ?
७) श्री. लोकमान्य तिलक का 'गीता रहस्य' किस प्रकार के अनुवाद का उदाहरण है ?
८) भारत में बाजार की भाषा के रूप में आज किसे जाना जाता है ?
९) विज्ञापन की सफलता का आधार क्या है ?
१०) खड़ी बोली का प्रवर्तक प्रथम कवि किसे माना जाता है ?

*********



17B2FC4B9A416F510D186A873593070C